**शिक्षक के 56 पदों के लिए 9 हजार आवेदन**

धमतरी। ब्यूरो
व्याख्याता पंचायत वर्ग-1 के रिक्त 56 पदों के लिए जिला पंचायत में भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। 9093 अभ्यर्थियों ने आवेदन देकर भर्ती में अपनी किस्मत आजमाई है। आवेदनों का जिला पंचायत में स्क्रूटनी जारी है। मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों की भर्ती होगी।

जिले के कई हायर सेकेंडरी स्कूलों में सालों से शिक्षकों की कमी है। पद भरने शासन ने जिले में 15 जुलाई तक सीधी भर्ती के तहत प्रक्रिया पूर्ण करने आदेशित किया था। जिसके चलते तीव्र गति से भर्ती प्रक्रिया जारी है। उप संचालक पंचायत बीके वर्मा ने बताया कि अंग्रेजी विषय के 10 पद, गणित के 7, विज्ञान के 3, भौतिक शास्त्र के 14, रसायन के 8, जीवविज्ञान के 6 और वाणिज्य विषय के 8 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। आवेदनों की स्क्रूटनी में कर्मचारी लगे हुए हैं। 15 जुलाई तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने कोशिश चल रही है।

शिक्षक की मांग लेकर पहुंचने लगे ग्रामीण

नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत घुटकेल के पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीण हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक की मांग को लेकर पिछले दिनों कलेक्टोरेट पहुंचे थे। यहां व्याख्याता पंचायत अंग्रेजी, फिजिक्स, संस्कृत, वाणिज्य की कमी है। जिले के ऐसे कई हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, जहां के ग्रामीण सालों से शिक्षक की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन नहीं मिल रहा है। व्याख्याता पंचायतों की सीधी भर्ती होने के बाद शायद छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों की परेशानी दूर हो पाएगी।